भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3928**
दिनांक 25.03.2025 को उत्तरार्थ

**ग्राम पंचायतों का डिजिटलीकरण**

**3928 डॉ. टी सुमति अलियास थमिज़ाची थंगापांडियन:**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ग्राम पंचायतों के डिजिटलीकरण और डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का कार्यान्वियन पूरा कर लिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना के अंतर्गत 31 जनवरी 2025तक देश में राज्य-वार कितनी पंचायतों का डिजिटलीकरण किया गया है;

(ग) देश में कुल कितनी ग्राम पंचायतों को कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं और कितनी ग्राम पंचायतों के पास कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन नहीं है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या देश में शेष पंचायतों का डिजिटलीकरण किए जाने के लिए कोई समय-सीमा है; और

(ङ) ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना के कार्यान्वियन हेतु 31 जनवरी, 2025 तक राज्य-वार कुल कितनी धनराशि आवंटित, वितरित और व्यय की गई है?

**उत्तर**

**पंचायती राज राज्य मंत्री**

**(प्रोफ.एस.पी.सिंह बघेल)**

(क) और (ख) पंचायती राज मंत्रालय डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत, देश के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) में ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) को लागू कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य पंचायतों के कामकाज को नया रूप देना, उन्हें अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाना है। इस पहल में मंत्रालय ने ई-ग्रामस्वराज लॉन्च किया है, जो एक ऑनलाइन योजना और लेखा एप्लिकेशन है, जिसे पंचायत की गतिविधियों जैसे नियोजन, लेखांकन और बजटन को सरल बनाने हेतु तैयार किया गया है। मंत्रालय ने विक्रेताओं/सेवा प्रदाताओं को वास्तविक समय पर भुगतान करने के लिए ग्राम पंचायतों (जीपी) को ई-ग्रामस्वराज को सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के साथ भी एकीकृत किया है। पंचायतें ई-ग्रामस्वराज पोर्टल के माध्यम से अपनी वार्षिक पंचायत विकास योजनाएँ तैयार और अपलोड करती हैं। ई-ग्राम स्वराज के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा की गई प्रगति **अनुलग्नक-I** में दी गई है।

(ग) डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करने के लिए, देश की सभी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने हेतु दूरसंचार विभाग (DoT) द्वारा चरणबद्ध तरीके से भारतनेट परियोजना लागू की जा रही है। भारतनेट परियोजना के तहत अब तक कुल 2.68 लाख ग्राम पंचायतों/पारंपरिक स्थानीय निकायों (टीएलबी) में से 2.18 लाख जीपी/टीएलबी को हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। भारतनेट चरण- I और चरण- II के मौजूदा नेटवर्क के उन्नयन,डिजिटल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने, और शेष ग्राम पंचायतों में नेटवर्क के निर्माण के लिए संशोधित भारतनेट कार्यक्रम को दिनांक 04.08.2023 को कैबिनेट द्वारा अनुमोदित किया गया था।

राज्यों द्वारा अपनी वार्षिक कार्ययोजना में दी गई सूचना के अनुसार कंप्यूटर युक्त ग्राम पंचायतों (जीपी) की संख्या और दूरसंचार विभाग की भारतनेट परियोजना के अंतर्गत जीपी में सेवा-तैयार केंद्रों की संख्या **अनुलग्नक-II** में दी गई है। सेवा हेतु तैयार जीपी के आंकड़े भारतनेट यूएनएमएस डैशबोर्ड से लिए गए हैं।

(घ) सभी राज्य अपने उपलब्ध संसाधनों के आधार पर ई-पंचायत एमएमपी को लागू करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, देश भर में पंचायतों की तैयारी के स्तर में अंतर के कारण, राज्य इन एप्लीकेशनों को लागू करने के विभिन्न चरणों में हैं। इसके अलावा, दूरसंचार विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतनेट परियोजना के पूरा होने की समय सीमा मार्च 2027 है।

(ङ) ई-पंचायत एमएमपी के तहत, पंचायतों में ई-गवर्नेंस के कार्यान्वयन के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कोई प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाती है। इसके बजाय, ई-पंचायत अनुप्रयोगों के केंद्रीय स्तर के समर्थन और रखरखाव के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र सेवा निगम (एनआईसीएसआई) को धनराशि प्रदान की जा रही है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए, एनआईसीएसआई को 13.72 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई थी, जिसमें से 31.01.2025 तक 9.75 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

***

**अनुबंध- I**

**'ग्राम पंचायतों का डिजिटलीकरण' के संबंध में दिनांक 25.03.2025 को उत्तरित लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3928 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

**31 जनवरी 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर ई-ग्रामस्वराज को अपनाना**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या एवं उनके समकक्ष | शामिल ग्राम पंचायत | ऑनलाइन भुगतान वाली ग्राम पंचायतें और उनके समकक्ष | ब्लॉक पंचायतों की कुल संख्या और समकक्ष | शामिल क पंचायत | ऑनलाइन भुगतान वाली ब्लॉक पंचायतें | जिला पंचायतों की कुल संख्या और उनके समकक्ष | शामिल जिला पंचायत | ऑनलाइन भुगतान वाली जिला पंचायतें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 13328 | 13296 | 12970 | 660 | 660 | 642 | 13 | 13 | 13 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 2108 | 2106 | 222 | 0 | 0 | 0 | 27 | 25 | 8 |
| 3 | असम | 2662 | 2197 | 2176 | 191 | 191 | 189 | 30 | 29 | 27 |
| 4 | बिहार | 8054 | 8054 | 8045 | 534 | 534 | 530 | 38 | 38 | 38 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 11596 | 11594 | 11516 | 146 | 146 | 146 | 27 | 27 | 27 |
| 6 | गोवा | 191 | 190 | 93 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 2 |
| 7 | गुजरात | 14656 | 14599 | 13890 | 248 | 248 | 248 | 33 | 33 | 33 |
| 8 | हरियाणा | 6226 | 6222 | 5914 | 143 | 143 | 134 | 22 | 22 | 22 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3615 | 3614 | 3540 | 81 | 81 | 81 | 12 | 12 | 12 |
| 10 | झारखंड | 4345 | 4345 | 4329 | 264 | 264 | 262 | 24 | 24 | 24 |
| 11 | कर्नाटक | 5954 | 5954 | 5937 | 238 | 232 | 126 | 31 | 31 | 28 |
| 12 | केरल | 941 | 941 | 941 | 152 | 152 | 152 | 14 | 14 | 14 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 23011 | 23009 | 22980 | 313 | 313 | 310 | 52 | 52 | 52 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | महाराष्ट्र | 27917 | 27894 | 26737 | 351 | 351 | 307 | 34 | 34 | 34 |
| 15 | मणिपुर | 3180 | 161 | 123 | 0 | 0 | 0 | 12 | 6 | 4 |
| 16 | मेघालय | 6817 | 0 | 0 | 2241 | 0 | 0 | 3 | 3 | 0 |
| 17 | मिजोरम | 842 | 842 | 832 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | नागालैंड | 1289 | 186 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | ओडिशा | 6794 | 6794 | 6793 | 314 | 314 | 314 | 30 | 30 | 30 |
| 20 | पंजाब | 13237 | 13222 | 9775 | 152 | 151 | 114 | 22 | 22 | 19 |
| 21 | राजस्थान | 11211 | 11207 | 10837 | 361 | 353 | 351 | 33 | 33 | 33 |
| 22 | सिक्किम | 199 | 199 | 195 | 0 | 0 | 0 | 6 | 6 | 6 |
| 23 | तमिलनाडु | 12525 | 12525 | 12519 | 388 | 388 | 388 | 36 | 36 | 36 |
| 24 | तेलंगाना | 12991 | 12768 | 12636 | 572 | 540 | 508 | 32 | 32 | 32 |
| 25 | त्रिपुरा | 1194 | 1185 | 1174 | 75 | 75 | 75 | 9 | 9 | 9 |
| 26 | उत्तराखंड | 7795 | 7794 | 7743 | 95 | 95 | 95 | 13 | 13 | 13 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 57691 | 57691 | 57609 | 826 | 826 | 818 | 75 | 75 | 75 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 3339 | 3339 | 3338 | 345 | 345 | 345 | 22 | 21 | 21 |
| **कुल** | | **263708** | **251928** | **242864** | **8690** | **6402** | **6135** | **652** | **642** | **612** |

**अनुबंध-II**

**'ग्राम पंचायतों का डिजिटलीकरण' के संबंध में दिनांक 25.03.2025 को उत्तरित लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3928 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

**कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन वाली ग्राम पंचायतों की राज्यवार स्थिति**

| क्रम सं. | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम | कुल जीपी/टीएलबी (एलजीडी के अनुसार) | कंप्यूटर वाली जी.पी. | कम्प्यूटर रहित जी.पी.एस. | इंटरनेट के लिए GPs/TLBs में सेवा तैयार बिंदु* |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 70 | 70 | 0 | 81 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13327 | 9556 | 3771 | 12972 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2108 | 972 | 1136 | 1145 |
| 4 | असम | 2662 | 1510 | 1152 | 1634 |
| 5 | बिहार | 8054 | 8053 | 1 | 8860 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 11648 | 5752 | 5896 | 9759 |
| 7 | गोवा | 191 | 191 | 0 | 0 |
| 8 | गुजरात | 14656 | 14546 | 110 | 14563 |
| 9 | हरियाणा | 6223 | 1725 | 4498 | 6204 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश* | 3615 | 3615 | 0 | 416 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 4291 | 4291 | 0 | 1115 |
| 12 | झारखंड | 4345 | 3312 | 1033 | 4649 |
| 13 | कर्नाटक | 5953 | 5953 | 0 | 6251 |
| 14 | केरल | 941 | 941 | 0 | 1130 |
| 15 | लद्दाख | 193 | 129 | 64 | 193 |
| 16 | लक्षद्वीप | 10 | 0 | 10 | 9 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 23011 | 22722 | 289 | 18106 |
| 18 | महाराष्ट्र | 27951 | 27006 | 945 | 24778 |
| 19 | मणिपुर | 3812 | 161 | 3651 | 1485 |
| 20 | मेघालय | 6832 | 4729 | 2103 | 697 |
| 21 | मिजोरम | 843 | 261 | 582 | 539 |
| 22 | नगालैंड | 1315 | 595 | 720 | 236 |
| 23 | ओडिशा | 6794 | 6794 | 0 | 7099 |
| 24 | पुदुचेरी | 108 | 0 | 108 | 101 |
| 25 | पंजाब | 13238 | 0 | 13238 | 12807 |
| 26 | राजस्थान | 11218 | 11208 | 10 | 8997 |
| 27 | सिक्किम | 199 | 149 | 50 | 54 |
| 28 | तमिलनाडु | 12525 | 10100 | 2425 | 10298 |
| 29 | तेलंगाना | 12771 | 4436 | 8335 | 10926 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 30 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 42 | 42 | 0 | 41 |
| 31 | त्रिपुरा | 1192 | 701 | 491 | 772 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 57702 | 57702 | 0 | 47451 |
| 33 | उत्तराखंड | 7795 | 2805 | 4990 | 2021 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 3339 | 3339 | 0 | 2958 |
| **कुल** | | **268974** | **213366** | **55608** | **218347** |

***डेटा भारतनेट यूएनएमएस डैशबोर्ड से प्राप्त किया जाता है, और कुछ ग्राम पंचायतों में कई सेवा-तैयार बिंदु हो सकते हैं।**

***